प्रेस नोट

दिनांक 25.03.2025

सुशासन एवं कानून-व्यवस्था हेतु प्रतिबद्ध।

प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय व समस्त जनपदों में प्रस्तावित कार्यक्रमों के क्रम में हमीरपुर पुलिस जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं जनता को जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उत्तर प्रदेश सरकार की कानून, सुरक्षा एवं सुशासन नीति के अंतर्गत पुलिस प्रशासन को और अधिक प्रभावी एवं जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 25, 26 और 27 मार्च 2025 को प्रदेश के समस्त जनपद एवं कमिश्नरेट, में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों को यूपी-112 आपातकालीन सेवाओं के महत्व, पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया एवं अन्य सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। हमीरपुर पुलिस की टीमें शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करेंगी, जिससे अधिक से अधिक नागरिक पुलिस सेवाओं का लाभ उठा सकें। इसके साथ ही, डिजिटल माध्यमों एवं सोशल मीडिया का उपयोग कर जनता तक आवश्यक सूचनाएँ पहुँचाई जाएँगी। आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया संभव होगी। यूपी-112 की गश्त एवं निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है ताकि अपराध नियंत्रण को मजबूत किया जा सके।